**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-29 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 29 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि उ०प्र० में कृषकों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है? | भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जारी मापदण्डो/दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत आने वाले पात्र कृषकों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाता है। |
| (ख) यदि हॉं, तो किसान सम्मान निधि पाने की क्या पात्रता निर्धारित की गई है, उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत प्रत्येक कृषक परिवार, जिसमें पति, पत्नी तथा उनके नाबालिग बच्चे सम्मिलित है तथा जिनका नाम खतौनी में 01.02.2019 से पूर्व अथवा उक्त तिथि के पश्चात वरासत के आधार पर भूमिधर के रूप में दर्ज है, वह योजना की पात्रता के अन्तर्गत है। |
| (ग) क्या कृषि कार्य में ऐसे कृषक जिनके पास भूमि नहीं है, जो बटाई या अन्य तरह से भूमि लेकर कृषि कार्य करते है उन्हें भी किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करायेंगे? | योजना भारत सरकार की गाइड लाइन में दिये गये निर्देशों के क्रम में संचालित है। |
| (घ) यदि हॉं, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।